# Class -VIII

## Annual Term examination (2024-25)

## Subject – Hindi

## Set – A1/A2

## Solution

| प्र. स. सेट - A1 | प्र. स. सेट - A2 | प्रश्न-प्रकार | अंक विभाजन | कुल अंक 60 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 10 | अनुच्छेद-विषय प्रतिपादन, अभिव्यक्ति, भाषिक शुद्धता। | 1x5 | 5 |
| 2 | 11 | पत्र- प्रारूप, विषयवस्तु, भाषा | 1x5 | 5 |
| 3 | 4 | **निम्नलिखित प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए-**<br>क) iv) अभिमानिनी<br>ख) iv) लेखकगण<br>ग) iii) निश्चिंत<br>घ) ii) कहावत<br>ड़) iii) अष्टाध्यायी<br>च) iv) बड़ा श्रेष्ठ, एक मास का नाम<br>छ) iii) निश्चित, भाग्य<br>ज) iii) संकेतवाचक<br>झ) (ii) शुचि,निर्मल<br>ञ) (ii) सच्ची बात कहना | 1x12 | 12 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | ट) iii) कुशल<br><br>ठ) iii) इमा | | |
| **4** | **3** | **5. निर्देशानुसार कीजिए-**<br><br>**क) संधि-विच्छेद कीजिए (कोई दो)-** मतैक्य- मत +ऐक्य, इत्यादि- इति+ आदि , नायक- नै + अक<br><br>**ख) समस्तपद का विग्रह कीजिए और समास का नाम बताइए (कोई एक)-** त्रिलोचन**-** तीन है लोचन(नेत्र) जिसके अर्थात शिव (बहुव्रीहि समास)<br>पाप -पुण्य - पाप तथा पुण्य (द्वंद्व समास )<br>यथाशक्ति - शक्ति के अनुसार(अव्ययीभाव समास) | **2x2** | **4** |
| **5** | **8** | क) बदलू लाख की चूड़ियाँ बेचा करता था परन्तु जैसे-जैसे काँच की चूडियों का प्रचलन बढ़ता गया उसका व्यवसाय ठप पड़ने लगा। अपने व्यवसाय की यह दुर्दशा बदलू को मन ही मन कचौटती थी। बदलू के मन में इस बात की व्यथा थी कि मशीनी युग के प्रभावस्वरुप उस जैसे अनेक कारीगरों को बेरोजगारी और उपेक्षा का शिकार होना पड़ा है। अब लोग कारीगरी की कद्र न करके दिखावटी चमक पर अधिक ध्यान देते हैं। यह व्यथा लेखक से छिपी न रह सकी।<br><br>ख) बस की जर्जर अवस्था से लेखक को ऐसा महसूस हो रहा था कि बस की स्टीयरिंग कहीं भी टूट सकती है तथा ब्रेक फेल हो सकता है। ऐसे में लेखक को डर लग रहा था कि कहीं उसकी बस किसी पेड़ से टकरा न जाए। एक पेड़ निकल जाने पर वह दूसरे पेड़ का इंतज़ार करता था कि बस कहीं इस पेड़ से न टकरा जाए। यही वजह है कि लेखक को हर पेड़ अपना दुश्मन लग रहा था।<br><br>ग) उत्तर छात्र अपने मतानुसार करेंगे।<br><br>घ) 'साइकिल आंदोलन' से पुडुकोट्टई की महिलाओं के जीवन में निम्नलिखित बदलाव आए – | **3x4** | **12** |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | ● महिलाएँ अपनी स्वाधीनता व आज़ादी के प्रति जागृत हुई।<br>● कृषि उत्पादों को समीपवर्ती गाँवों में बेचकर उनकी आर्थिक स्थिति सुधरी व आत्मनिर्भर हो गई।<br>● समय और श्रम की बचत हुई।<br>● स्वयं के लिए आत्मसम्मान की भावना पैदा हुई।<br>फातिमा ने जब इस आंदोलन की शुरुआत की तो उसको बड़ी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। उसे लोगों की फ़ब्तियाँ (गंदी टिप्पणियाँ) सुननी पड़ी। फातिमा मुस्लिम परिवार से थी। जो बहुत ही रुढ़िवादी थे। उन्होंने उसके उत्साह को तोड़ने का प्रयास किया। पुरुषों ने भी इसका बहुत विरोध किया। दूसरी कठिनाई यह थी कि लेड़ीज साइकिल वहाँ पर्याप्त संख्या में उपलब्ध नहीं थी।<br>ड़) अंग्रेज़ के सामने बिलवासीजी ने झाऊलाल को पहचानने से इनकार कर दिया क्योंकि अंग्रेज़ का क्रोध शांत हो जाए और अंग्रेज़ को ज़रा भी संदेह न हो कि वह लाला झाऊलाल का आदमी है तथा वह अपनी योजना पूरी करना चाहते थे जिससे पैसे की व्यवस्था हो सकें।<br>च) बाज ज़िंदगी भर आकाश में उड़ता रहा, उसने आकाश की असीम ऊँचाइयों को अपने पंखों से नापा। बाज साहसी था। वह किसी भी कीमत पर समझौतावादी जीवन शैली पसंद नहीं करता था। अतः कायर की मौत नहीं मरना चाहता था। वह अंतिम क्षण तक जीवन की आवश्यकताओं के लिए संघर्ष करना चाहता था।दूसरे भाग का उत्तर छात्र अपने मतानुसार करेंगे। | | |
| **6** | **7** | क) कवि का कहना है कि पक्षी और बादल भगवान के डाकिए हैं। जिस प्रकार डाकिए संदेश लाने का काम करते हैं, उसी प्रकार पक्षी और बादल भगवान का संदेश लाने का काम करते हैं। पक्षी और बादल की चिट्ठियों में पेड़-पौधे, पानी और पहाड़ भगवान के भेजे एकता और सद्भावना के संदेश को पढ़ पाते हैं। इस पर अमल करते नदियाँ समान भाव से सभी लोगों में अपने पानी को बाँटती है। पहाड़ भी समान रूप से सबके साथ खड़ा होता है। पेड़-पौधें | **2x3** | **6** |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | समान भाव से अपने फल, फूल व सुगंध को बाँटते हैं, कभी भेदभाव नहीं करते।<br><br>ख) द्वारका से खाली हाथ लौटते समय सुदामा का मन बहुत दुखी था। वे कृष्ण द्वारा अपने प्रति किए गए व्यवहार के बारे में सोच रहे थे कि जब वे कृष्ण के पास पहुँचे तो कृष्ण ने आनन्दपूर्वक उनका आतिथ्य सत्कार किया था। क्या वह सब दिखावटी था? वे कृष्ण के व्यवहार से खीझ रहे थे क्योंकि उन्हें आशा थी कि श्रीकृष्ण उनकी दरिद्रता दूर करने के लिए धन-दौलत देकर विदा करेंगे परंतु श्रीकृष्ण ने उन्हें खाली हाथ ही वापस भेज दिया।<br><br>ग) कवि ने अपने आने को उल्लास इसलिए कहा है क्योंकि जहाँ भी वह जाता है मस्ती का आलम लेकर जाता है। वहाँ लोगों के मन प्रसन्न हो जाते हैं।पर जब वह उस स्थान को छोड़ कर आगे जाता है तब उसे तथा वहाँ के लोगों को दुःख होता है। विदाई के क्षणों में उसकी आखों से आँसू बह निकलते हैं।<br><br>घ) यह सबसे कठिन समय नहीं कविता में कवयित्री जया जादवानी ने कठिन समय में भी आशा और सकारात्मकता बनाए रखने का संदेश दिया है। कविता हमें यह सिखाती है कि चाहे परिस्थिति कितनी भी कठिन क्यों न हो, हमें विश्वास और उम्मीद बनाए रखना चाहिए। | | |
| **7** | **6** | **निम्नलिखित में से <u>किन्हीं तीन शब्दों</u> के अर्थ लिखिए -**<br>● बेनी- चोटी ,<br>● अदब- शिष्टाचार/लिहाज,<br>● सौरभ - सुगंध, सुबास<br>● शिखर - पहाड़ की चोटी<br>● उपानह - जूता<br>● फब्ती - चोट करने वाली या चुभती बात | **1x3** | **3** |
| **8** | **5** | 1. कृष्ण जी मित्रों के साथ दोपहर के समय घर को सूना समझकर गोपियों के घर में जा घुसे \|<br>2. गोपियाँ यशोदा माता को कृष्ण के बारे में यह उलाहना देती हैं कि कृष्ण को तुम रोक कर नहीं रखतीं। लगता है तुमने ही अनोखे पूत को जन्म दिया है \| | **1+1+2** | **4** |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | 3. 'तेरैं लाल मेरौ माखन खायौ' - यह शिकायत गोपियों ने कृष्ण जी के बारे में यशोदा जी से की \|<br>**अथवा**<br>1. घास का तिनका कमजोर एवं तुच्छ व्यक्ति का प्रतीक है\|<br>2. जग में कोई किसी का बैरी तब नहीं होता जब व्यक्ति का मन शीतल और शांत होता है\|<br>3. उपर्युक्त दोहे के कविता का नाम - कबीर की साखियाँ है और कवि का नाम - कबीरदास है। | | |
| **9** | **2** | i) संन्यासी अर्धदान से निवृत होकर अपनी पर्णकुटी की ओर लौट रहा था \|<br>ii) संन्यासी को पलभर सारे सजीवों में बंधुता निर्माण करने की अपनी माँग पूरी होने का भ्रम हुआ \|<br>iii) संन्यासी जब आगे बढ़ा तो सहसा चौंक उठा। उसके रोंगटे खड़े हो गए। जैसे ही उसने तीनों का शव देखा वह सकपका गया। उसने देखा—एक आदमी, एक चील का चकुला और एक साँप का बच्चा।उसके हाथ से कमंडल छूट गया। अब आकाश की ओर देखने का उसमें साहस तक नहीं रहा। शर्मिंदा होकर उसने अपनी आँखें धरती में गड़ाईं। उसकी आँखें धीरे-धीरे बरसने लगीं। | **1+1+2** | **4** |
| **10** | **1** | 1. (ii) मानव गतिविधियाँ<br>2. (ii) अनियमित वर्षा, बाढ़ और सूखा<br>3. (iii) ईंधन का अनावश्यक उपयोग करना<br>4. (i) सभी प्रजातियों के विलुप्त होने की<br>5. (iv) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है\| | **1x5** | **5** |

**AA**